प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.03.2026/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

## महिला दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय–सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई है। आज का दिन विश्व स्तर पर महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने, न्याय सुनिश्चित करने और लैंगिक समानता की दिशा में कार्रवाई में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल देता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर देश सहित प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## पीएम–महिला दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक संदेश में उन्होंने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की प्रगति के साथ–साथ महिलाओं की आकांक्षाएं और योगदान एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों के केंद्र में है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन में करीब एक सौ 90 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इसके बाद उन्होंने नाहन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए शुरू की गई योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे।

## अन्य कार्यक्रम

दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रदेश के सभी ज़िलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर शिमला में खेल मंत्रालय द्वारा स्वायत संस्था मेरा युवा भारत व प्रदेश खेल व युवा सेवा विभाग द्वारा दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य और फिटनैस के प्रति जागरूक किया गया। धर्मशाला में भी विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई। इस अवसर पर एस.डी.एम. शिल्पी बेक्टा ने कहा कि आज का दिन महिलाओं के सम्मान और उनके योगदान को पहचानने का अवसर है।

## भेंट

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने आयोग के सदस्यों सहित आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान आयोग की गतिविधियों और अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वंचित वर्गों के कल्याण के प्रति पूरी तरह संकल्पित है और इस दिशा में आयोग भी अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

## जागरूकता

चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत सोलन से सिरमौर के लिए जनजागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने आज सोलन से इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। उपायुक्त ने कहा कि इस तरह की जागरूकता गतिविधियों से इस जानलेवा नशे से युवा पीढ़ी को बचाने में मदद मिल सकती है।

इस जागरूकता दौड़ में अंतर्राष्ट्रीय पैरा धावक वीरेंद्र सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि करीब 90 किलोमीटर की इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य चिट्टे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करना है।

## अग्निहोत्री

शिमला ज़िले के रामपुर में ऐतिहासिक फाग मेले के अवसर पर आयोजित बुशहर कार्निवाल कल शाम संपन्न हो गया। समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ये कार्यक्रम न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन बनकर उभरा है बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और युवाओं को अपनी समृद्ध संस्कृति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी बना है। इस अवसर पर उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनी और इनके जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

____________________